**किसानों को दिए जाने वाले मुआवजा का ब्यौरा**

63. **चौ0 आफताब अहमद (नूंह)**: क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

क) वर्ष 2021 से अब तक बेमौसमी बरसात तथा ओलावृष्टि के कारण नूंह के किसानों को उनकी खराब हुई फसलों के लिये कुल कितना मुआवजा आवंटित किया गया; तथा

ख) किसानों को दिये गये मुआवजे का ब्यौरा क्या है तथा अब तक कितना मुआवजा लंबित है तथा नूंह के किसानों को लंबित मुआवजा कब तक दिये जाने की संभावना है तथा उसका पूरा ब्यौरा क्या है ?

**श्री दुष्यंत चौटाला, उप-मुख्यमंत्री, हरियाणा**

क व ख) भारी वर्षा/जल भराव के कारण खरीफ फसल 2021 को हुए नुकसान के लिए सरकार के पत्र दिनाक 21.01.2022 द्वारा उपायुक्त नूंह को 52,05,000/- रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी । इसमें से 1001 लाभार्थियों को 39,01,712/- रुपये की राशि का वितरण किया जा चुका है । 250 लाभार्थियों को 13,03,288/- रुपये की राशि का वितरण खाता विवरण (195 संख्या), समानांतर बीमा दावा (15 संख्या) और विरासत इन्तकाल (40 संख्या) की उपलब्धता ना होने के कारण नहीं किया जा सका।

भारी वर्षा/जलभराव के कारण रबी फसल 2022 को हुए नुकसान के लिए उपायुक्त नूंह को दिनाक 16.12.2022 द्वारा 32,25,86,500/- रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 91,316/- रुपये की राशि 27 लाभार्थियों को वितरित की गई । उपायुक्त, नूंह ने पत्र दिनांक 18.08.2023 द्वारा शेष 52,925 लाभार्थियों को आगे वितरण के लिए 32,24,95,184/- रुपये की राशि पुन: आवंटन करने का अनुरोध किया है। यह सरकार के सक्रिय विचाराधीन है।

बाढ़/भारी वर्षा/ जलभराव /बादल फटने/ ओलावृष्टि के कारण रबी फसल 2023 मे हुए नुकसान के लिए जिला नूंह के 17 गांवों के लाभार्थियों को वितरण हेतू पत्र दिनांक 31.05.2023 द्वारा 63,29,157/- रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी । इसमें से दिनांक 31.05.2023 को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से नूंह जिले के लाभार्थियों को सीधे 62,76,010/- रुपये का भुगतान कर दिया गया था । किसानों द्वारा पोर्टल पर अमान्य खाता विवरण उपलब्ध् करवाने के कारण 2 लाभार्थियों को 53,147/- रुपये की राशि का भुगतान नहीं किया जा सका । संबंधित किसानों से वैध खाता संख्या प्राप्त होने पर इसका वितरण कर दिया जाएगा।

## Compensation to the Farmers

63. Ch. AFTAB AHMED, M.L.A:- Will the Deputy Chief Minister be pleased to state:-

a) the extent of compensation allocated to the farmers of Nuh for the damage of their crops to unseasonal rains and hail storm from the year 2021 till to date; and

b) the details of the compensation provided to the farmers and the extent of compensation lying pending so far togetherwith the time by which the pending compensation is likely to be provided to the farmers of Nuh alongwith the complete details thereof?

SH. DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER,HARYANA

a & b) An amount of Rs. 52,05,000/- was sanctioned to Deputy Commissioner Nuh on account of damage to Kharif Crop 2021 due to heavy rainfall/water logging vide letter 21.01.2022. Out of this an amount of Rs. 39,01,712/- has been disbursed to 1001 beneficiaries. Rs.13,03,288/- could not be disbursed to 250 beneficiaries due to reasons such as unavailability of account details (195 No.'s), parallel insurance claim(15 No's) and non implementation of inheritance mutation (40 No's).

An amount of Rs. 32,25,86,500/- was sanctioned to Deputy Commissioner, Nuh on account of damage to Rabi Crop 2022 due to heavy rainfall/water logging on 16.12.2022 and, out of which, an amount of Rs 91,316/- was disbursed to 27 beneficiaries. Deputy Commissioner, Nuh has vide letter dated 18.08.2023 requested for re-allocation of Rs.32,24,95,184/- for further disbursement to the remaining 52,925 beneficiaries. This is under active consideration of the Government.

An amount of Rs. 63,29,157/- was sanctioned for disbursement to the beneficiaries of 17 villages of Disrtict Nuh, for Rabi Crop 2023 on account of damage due to flood/heavy rainfall/water logging/Cloudburst/ hailstorm vide letter 31.05.2023. Out of this an amount of Rs. 62,76,010/- was disbursed directly to the beneficiaries of Nuh district through E-Kshatipurti portal on 31.05.2023. Payment of Rs. 53,147/- could not be credited to 2 beneficiaries due to invalid account details provided by the farmers on the portal. The same shall be disbursed on the receipt of valid account numbers from the concerned farmers.